# विज्ञान

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 14)(प्राकृतिक संपदा)

(कक्षा – 9)

## पेज 219

**प्रश्न 1:**

जीवों को जल की आवश्ययकता क्यों होती है?

**उत्तर 1:**

सभी जीवों में कोशिकीय प्रक्रियाएँ जल के माध्यम से ही होती हैं और अधिकतर पदार्थों का संवहन द्रवीय अवस्था में ही होता है। अतः, प्राणियों के लिए जल अति आवश्यक है।

**प्रश्न 2:**

जिस गावँ/शहर/नगर  में आप रहते हैं वहाँ पर उपलब्ध शुद्ध जल का मुख्य स्रोत क्या है?

**उत्तर 2:**

हम यदि शहरों में रहते हैं तो जल आपूर्ति नगर निगम द्वारा पूरी की जाती है जो किसी नदी का जल स्वच्छ करके पाइपों द्वारा घर – घर पहुंचाते हैं। गावों में तालाब, कुँए, नदियाँ आदि पानी के मुख्य श्रोत हैं।

**प्रश्न 3:**

क्या आप किसी क्रियाकलाप के बारे में जानते हैं जो इस जल के स्रोत को प्रदूषित कर रहा हैं?

**उत्तर 3:**

- कृषि में उत्पादन को बढाने उर्वरक का प्रयोग तथा फसल को कीड़ों से बचने के लिए कीटनाशकों का प्रयोग कुओं तथा नदियों के जल को प्रदूषित करता है।
- उद्योगों से निकला विषैला पानी नदियों तथा झीलों में डालने से प्रदुषण बढता है।
- शहर से निकला गन्दा पानी भी नदियों में छोड़ने पर उसे प्रदूषित करता है।

TIWARI ACADEMY